RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

यहां के अक्कीपेट स्थित श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में अक्कीपेट स्थानक में विराजित साध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी म. सा. ने शनिवार को अपने प्रवचन में कहा कि संसार में जब जीव आता है तो रोते-रोते आता है। जीव गर्भ रुपी काल कोटड़ी में दुखों को सहन करता है।




# मेडिकल जांच शिविर का शुभारंभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। हनुमंतनगर तेरापंथ युवक परिषद द्वारा श्रीनिवास नगर स्थित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर एंड डेंटल केयर में आरोग्य स्वतंत्रता के नाम से 10 दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ किया गया। परिषद के अध्यक्ष अंकुश बैद ने सहयोगी परिवार स्व. माणकचंद कोठारी, रेशमी देवी, कमलेश, धर्मेश, प्रथम कोठारी का स्वागत करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज ही मज़बूत समाज हो सकता है। हर तबके के लोग हर सुविधा का लाभ लेने में सक्षम नहीं होते है। हर संस्था का यह दायित्व है कि वो इस तरह के आयोजन कर स्वास्थ्य के बारे में जागरूकत फैलाए। एटीडीसी संयोजक गौतम खाब्या ने बताया कि शिविर 21 अगस्त तक चलेगा, दस दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर में मुख्यत: सीबीसी, किडनी प्रोफाइल, लिवर प्रोफाइल सहित 54+ जांच की जाएगी। महिला मंडल अध्यक्ष सरोज दूगड़ व संस्थापक अध्यक्ष रतन कटारिया ने एटीडीसी टीम के प्रति शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर परामर्शक धर्मेश कोठारी, सहमंत्री देवेंद्र आचलिया, सहमंत्री द्वितीय सुमित चिंडालिया, कोषाध्यक्ष गौतम चावत, एटीडीसी सह प्रभारी स्वरूप चोपड़ा, महिला मंडल मंत्री मीनाक्षी देरासरिया, ललित बोहरा, व परिषद परिवार की उपस्थिति रही। आभार ज्ञापन मंत्री राजीव हिरावत ने किया।

## सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरू के किलारी रोड के सीबी भंडारी जैन पीयू कॉलेज के छह छात्राओं यानीकुमार, खुशी गुप्ता, तेजस्विनी, तनुश्री, स्वरूपा बोहरा और कुसुम राजपुरोहित ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अमृत जनरेशन इवेंट्स की चर्चा में शामिल होकर प्रशंसा प्राप्त कर फोटो शूट करवाया। इतना ही नहीं दो दिन लोकसभा की कार्यवाही भी देखी।



# 'जीतो' यूथ साऊथ बेंगलूरु का 'लोर्ड आफ दि पिन्स' बाऊलिंग टूर्नामेंट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के चर्च स्ट्रीट स्थित अमीबा में जीतो यूथ साउथ बेंगलूरु ने 'लोर्ड ऑफ़ द पिन्स' प्रतियोगिता का अयोजन किया। जिसमें बडी संख्या में युवा प्रोफ़ेशनल्स और उद्यमियों ने खेल भावना के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों का उत्साह ऐसा था कि पंजीकरण डेढ़ घंटे के अंदर ही समाप्त हो गया। कुल 192 उत्साही सदस्यों को 12 टीमों में विभाजित किया गया।

इस सूची में लकीश जीत व मनीष गादिया ने एस्टोन्स एवेंजर्स, हर्ष सुराणा व आर्या दसानी ने अतरंगी आगाज़, ऋषभ लूनिया ने के आर फार्म्स, दिव्यांश मूथा ने लेवेन एलेवन, माणिभद्र गोल्ड स्ट्राईकर्स का ऋभष व आकाश तलेडा, परिस्ता पिन्नर्स का प्रदीप कोठारी, पटेल स्ट्राईकर्स का लेखा व प्रीत जैन, पर्ल स्टाईकर्स का चिराग जैन व प्रतीक जैन, रोशनी स्ट्राईकर्स का पूर्वा गांधी, रटीक किंग पिन्स का खुशी कोठारी, सूमोस पिंटास्टिक क्री का सुमन गुलेछा, वर्षा साडी स्ट्राईकर्स का अंकित व कनिश बालर ने बोलिंग प्रतियोगिता में टीमों का नेतृत्व किया। नवकार मंत्र के साथ शुरू हुए इस टूर्नामेंट में जीतो यूथ बेंगलूरु साऊथ के मुख्य सचिव संदीप पगारिया व चेयरमैन पिंकेश मेहता ने सबका स्वागत किया। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक व अतिथि आकाश मरलेचा भी इस अवसर पर उपस्थित थे। उन्होंने बोलिंग संबंधी ज़रूरी जानकारी दी। संस्था के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। इस टूर्नामेंट में पांच लीग मैच रखे गए थे। टीमों को एक दूसरे से मुकाबला करना था। चार राउंड उपरांत दिग्गज दो टीमों को आखिरी राउन्ड के लिए खेलना था। अंतिम दौर में सर्वाधिक अंक प्राप्ति के आधार पर चैम्पियन के रूप में ऋषभ लूनिया और दूसरे स्थान पर लेखा व प्रीत करबावाला तथा तीसरे स्थान पर कनिश बालर ने अपना बोलिंग हुनर दिखाया। विशेष श्रेणी में सर्वाधिक स्कोर के लिए आर्यन सोफादिया व विधि मुणोत को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम की सफ़लता का श्रेय आजोयक टीम के आयुष मेहता, अक्षय आर मेहता के साथ प्रबंध समिति, कार्यकारी समिति के सदस्यों के नाम रहा। इस सूची में पिंकेश मेहता, संदीप पगारिया, प्रतीक गांधी, हितेश जैन के नाम शामिल है।

# 'सच्चे मन से भक्ति करने पर प्रसन्न हो जाते हैं भोलेनाथ'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां मागड़ी रोड स्थित देवासी राईका समाज ट्रस्ट कर्नाटक के देवासी समाज भवन में साप्ताहिक महाशिव पुराण कथा में श्रीराम प्रकाश महाराज की मुखारविंद से पांचवे दिन भगवान शिव के विवाह प्रसंग की कथा हुई। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की सच्चे मन से भक्ति करने से बड़े से बड़े संकट को भी पल भर में दूर कर देते है। अपने भक्तों की विपत्ति को वह झण में दूर कर देते है। कथा में उन्होंने 12 ज्योतिर्लिंग का महत्व एवं भगवान शंकर की भक्ति की महत्ता बताई। शिव महापुराण कथा के अनुसार शिव पार्वती और अन्य देवताओं को झांकी के रूप में प्रस्तुत किया। इस कथा में बड़ी संख्या में महिलाएं पुरूष बालक व बालिकाए एवं समाज के गणमान्य उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में समाज के पूर्व अध्यक्ष गुमानराम नोगू, एच भानाराम देवासी, उपाध्यक्ष छोगाराम संगावत, कोषाध्यक्ष नेमीचन्द नंगू, सहकोषाध्यक्ष डूंगरराम ओडू, सहसचिव मानकचन्द लुका और सीरवी समाज बलेपेट वडेर के अध्यक्ष हरजीराम गेहलोत, कोषाध्यक्ष मोतीराम लचेटा, उपाध्यक्ष अन्नाराम परिहारिया, कमल किशोर काग का देवासी समाज की ओर से साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

# 'लोभ से हमारा व्यक्तित्व दीन, हीन, दरिद्र बन जाता है'



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां के महालक्ष्मी लेआउट स्थित श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री तत्वत्रया श्रीजी म. सा. ने शनिवार के अपने प्रवचन में कहा कि लोभ मनुष्य के जीवन के पराभव का पतन द्वार है। लोभ मनुष्य के जीवन का ऐसा विकार है जो उसके उत्कर्ष में बाधा डालता है। लोभी व्यक्ति आचरण से हीन हो जाता है। वह अपने स्वाभिमान को भुलकर किसी कामना के वशीभूत होकर चाटुकार बन जाता है। उसका व्यक्तित्व नष्य हो जाता है और किसी से कुछ पाने की आशा में अपना सब कुछ गंवा बैठता है। लोभी व्यक्ति का चारित्रिक पतन हो जाता है। लोभ राजनीति का हो, किसी ऊंचे पद का हो, अर्थ प्राप्ति का हो, वासना के वेग का हो या किसी भी प्रकार से किसी से कुछ पाने की लालसा का हो, ठीक नहीं है। लोभ एक क्षणिक प्यास की तरह है, जिसकी पूर्ति के लिए मनुष्य अनैतिक बन जाता है और गलत-काम करने लगता है। वह भूल जाता है कि उसके जीवन की कुछ मर्यादाएं भी हैं। हम अपने जीवन में ऐसा ही अनुभव करते हैं कि थोड़े से सुख, थोड़े से लाभ, एक-आध ऊंची कुर्सी पाने के लिए ऐसे लोगों के पैर छूने लगते हैं जो स्वयं चारित्रिक दृष्टि से गिरे होते हैं। जब हम लोभ करते हैं, तो हमारा पूरा व्यक्तित्व दीन, हीन और दरिद्र बनकर खड़ा हो जाता है जिससे हमारी अपनी जीवनशक्ति शरीर में हो रहे जैविक परिवर्तन से बुरी तरह आहत होने लगती है और हमारे जीवन में जो स्वाभिमान की ऊर्जाशक्ति है वह दासत्व ग्रहण करने लगती है। लोभी व्यक्ति अपनी सारी मर्यादाओं और नैतिक मूल्यों को छोड़कर स्वयं स्वीकार करने लगता है कि हम दूसरी पंक्ति में खड़े लोग हैं, हम दूसरे की जयकार बोलनेवाले हैं और दूसरे की प्रशस्ति के गीत गाने वाले लोग हैं। ऐसे लोग कभी भी समाज को दिशा नहीं दे सकते न ही खुद की उन्नति करने में सफल हो सकते हैं। प्रवचन में काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। यह जानकारी जयंतीलाल श्रीश्रीमाल ने दी।

# राग द्वेष को हटाकर ही हम आत्मा के मित्र बन सकते हैं : साध्वी संस्कारनिधि



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जयनगर स्थित राजस्थान जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री संस्कारनिधिजी म. सा. ने शनिवार को अपने प्रवचन में सवाल किया कि 'अब नहीं तो कब?' इस विषय पर साध्वीश्री ने कहा कि संसार में हर जीव दुखी है। दुख का मूल कारण है यह संसार। संसार का कारण है कर्म। सभी कर्म व्यक्ति के राग द्वेष के कारण बंधते हैं। राग और द्वेष का सतत निरीक्षण करके हमें उनको घटाने का प्रयास करना चाहिए। राग को कम करने के उन्होंने दो उपाय बताए। राग के विषयों पर से आसक्ति छोड़ना होगा और दूसरा उनसे सम्पर्क और संबंध तोड़ना होगा।

साध्वीश्री ने कहा कि जो पदार्थ के सम्पर्क में आने से हमें राग हो जाए उसे कम करना होगा। वहीं द्वेष घटाने के लिए कोई भी वस्तु या व्यक्ति मेरे दुख के लिए जिम्मेदार है तो वह सिर्फ कर्म है उसे समझना होगा। मैं केवल मेरी आत्मा का मित्र हूँ। मुझे द्वेष की आग सुलगा कर आत्मा का शत्रु नहीं बनाना चाहिए। राग द्वेष पर नियंत्रण कर ही हम अपनी आत्मा के मित्र बन सकते हैं।

# 'प्रभु की पूजा सच्चे सरल हृदय से करें'



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां के वीवीपुरम् के संभवनाथ जैन मंदिर दादावाड़ी में विराजित आचार्यश्री अभयशेखरसूरीश्वरजी म. सा. ने शनिवार को अपने प्रवचन में कहा कि श्रावक के लिए आवश्य कर्त्तव्य में से एक है प्रभु की पूजा करना। इसके चमत्कारी फल से वंचित रहने के कारण बताते हुए कहा कि क्या प्रभु का प्रभाव कम हो गया है? बीमारी में दवा लेते हैं फिर भी रोग ठीक नहीं होता तो ये कहते हैं कि जिस तरीके से दवा ले रहे हैं उसमें बदलाव लाना है। ठीक उसी तरह प्रभु भक्ति जिस तरह से कर रहे हैं उसमें परिवर्तन लाना है। उन्होंने कहा कि जिस तरह चन्दनबाला ने पारणा करवाया उसका रूपक लेकर हमें अपने आप में परिवर्तन लाना होगा। उन्होंने कहा कि हम क्या है यह नहीं देखना चाहिए हमें केवल प्रभु के सेवक बनकर उनकी उपासना करनी चाहिए। ट्रस्टी बनकर मंदिर में जाएंगे तो पुजारी से थोड़ी पूजा व्यवस्था में सहुलियत मिल सकती है लेकिन प्रभु कृपा नहीं मिल सकती है। मीरा बाई ने श्रीकृष्ण की भक्ति करने के लिए भजन गाए। लेकिन वहीं भजन भजनगायक गाते हैं लोगों को सुनने में अच्छे लगते है लेकिन उन्हें मीरा जैसी भक्ति नहीं मिली।

हमें अपने आप से सवाल करना चाहिए कि प्रभु की भक्ति प्रभु को मनाने के लिए कर रहे हैं या लोगों को दिखाने के लिए कर रहे हैं। भक्त की इच्छा अगर भगवान पूरी करे तो लोग कहते है यह चमत्कार है, पर संत कहते है अगर भगवान की इच्छा अगर भक्त पूरी करे तो, वही सच्चा चमत्कार है। शत्रु के खत्म करने की हमारी इच्छा होती है लेकिन शत्रुता ही खत्म हो जाए ऐसी प्रभु भक्ति का चमत्कार होता है। सच्चे मन से स्वच्छ और सरल हृदय से प्रभु की भक्ति करनी चाहिए।

# धर्मानुष्ठान के समय आचारशुद्धि और विचारशुद्धि होनी चाहिए : मुनि राजपद्मसागर

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शनिवार को जेपीपी श्रमणी भवन में श्रावक एवं श्राविकाओं को धर्म क्रियाओं के बारे में मुनिश्री राजपद्मसागरजी म. सा. ने कहा कि परमात्मा का दर्शन एक अनुष्ठान है। परमात्मा का पूजन एक अनुष्ठान है। अनुष्ठान यानी एक क्रिया है। उस क्रिया को धर्म बनाने के लिए यथोचित प्रयास करना चाहिए। ज्ञानियों ने इस क्रिया की व्याख्या की है। उस प्रकार करने के लिए आपके मन में कोई कार्य सिद्धि का ध्येय होना चाहिए। विश्वास होना चाहिए कि इस अनुष्ठान से मेरी कार्य सिद्धि अवश्य होगी। मुनिश्री ने तीसरे अभिगम के बारे में समझाया। उन्होंने बताया कि अभिगम का मतलब है विनय और उत्तरासन। मुनिश्री श्रमणपद्मसागरजी म.सा. ने कहा वीतराग परमात्मा के पूजन से राग-देष के तूफान शांत होते है। इससे चित्त प्रसन्न बनता है। अनुभवी पुरुषों ने बताया है कि परमात्मा पूजन से चित्त की व्याकुलता दूर होती है, और अपूर्व प्रसन्नता प्राप्त होती है। संघ के सचिव नरेन्द्र आच्छा ने बताया कि रविवार के दिन पार्श्वनाथ प्रभु का सामूहिक पूजा अनुष्ठान होगा। अठाई तपोत्सव में अनेक नाम प्राप्त हुए तप का शुभारंभ 19 अगस्त को होगा।



# विवेकरूपी मार्गदर्शन के साथ हमेशा कार्य करना चाहिए : डॉ. प्रतिभाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां के अक्कीपेट स्थित श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में अक्कीपेट स्थानक में विराजित साध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी म. सा. ने शनिवार को अपने प्रवचन में कहा कि संसार में जब जीव आता है तो रोते-रोते आता है। जीव गर्भ रूपी काल कोटड़ी में दुखों को सहन करता है। तब यह संकल्प करता है कि एक बार यहां से बाहर निकल जाऊं तो कभी भी वापस गर्भ में नहीं आना पड़े। लेकिन इस संसार में आते ही वह संसार में रच-बस जाता है और जैसे ही परिजनों को देखता है। उनके हाथ में जाता है तो रोना बंद कर देता है। और गर्भ के दुखों को भूलकर गर्भ में लिया हुआ संकल्प भी भूल जाता है। लेकिन व्यक्ति को जीवन में चिंतन मनन करना चाहिए। संसार में विवेक रूपी मार्गदर्शक हमेशा हर कार्य में साथ रखना चाहिए। हमारा विवेक सम्यक होना चाहिए। हमें हर व्यवहार, हर क्रिया, प्रतिक्रिया में विवेक रखना चाहिए।

घर परिवार को चलाने के लिए विवेक रखेंगे तो हमारे घर के कभी भी दो टुकड़े नहीं हो सकते हैं। हम बिना सोचे विचारे बोलकर बिगाड़ देते हैं। हमें वाणी का विवेक रखना चाहिए। अगर व्यक्ति को शुगर बीपी आदि की बीमारी है तो उसका भी इलाज है लेकिन गलत बोलते के बाद उसके प्रभाव का कोई इलाज नहीं है। हमें भाषा समिति का विवेक रखना होगा। अगर हमने इसका चिंतन किया तो हम सफल बन सकते हैं।

इससे पूर्व साध्वी ऋषिताश्रीजी ने कहा कि अगर हमें जीवन निर्माण करना है तो हमारा संपर्क और संसर्ग अच्छा होना चाहिए। अच्छी जगह उठना बैठना अच्छे लोगों से वार्तालाप करना अच्छे लोगों की संगति करना। इससे ही हमारा जीवन उच्च कोटि का बन सकता है। साध्वी प्रियांगीश्रीजी ने चातुर्मास संबंधी सूचनाएं प्रदान की। गुरुवर्या डॉ. प्रतिभाश्रीजी म. सा. की जयंती का त्रिदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। सहमंत्री विनोद भूरट ने संचालन किया।




# नि:शुल्क दंत और नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। विजय संभव फाउंडेशन और अखिल भारतीय चौरसिया महासभा (एबीसीएम) के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को गुंजूरपाल्या के सरकारी विद्यालय में करीब एक सौ पच्चीस से अधिक बच्चों का निशुल्क दंत और नेत्र परीक्षण हुआ। जिन बच्चों को पावर वाले चश्में की जरूरत है उसे फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। दंत चिकित्सक डॉक्टर प्रणय द्विवेदी ने परीक्षण के साथ साथ बच्चों को टूथ पेस्ट फ्री में वितरित किया। इस स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन में फाउंडेशन के चेयरमैन डा रवि राजहंस, सोनल कीर्ति, जितेंद्र, अखिल भारतीय चौरसिया महासभा के सोमनाथ चौरसिया, धीरज, अनिल, दंत चिकित्सक डॉ. प्रणय द्विवेदी और आलोका विजन और उनके टीम साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य नारायणम्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ज्ञात हो कि फाउंडेशन शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में नियमित अपना उत्कृष्ट योगदान समाज को दे रहा है।

## धम्म जागरण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु। यहां के राजाजीनगर तेरापंथ युवक परिषद द्वारा राजाजीनगर सभा ट्रस्ट के ट्रस्टी देवेन्द्र गुलगुलिया के निवास पर 11 की तपस्या के मौके पर भिक्षु श्रद्धा स्वर टीम द्वारा धम्म जागरण का आयोजन किया गया। टीम के सदस्य संजय मांडोत एवं चेतन गाधी द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई।

# 'राहु मंत्र आपको अद्भुत क्षमता प्रदान करता है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। यहां के मामुलपेट सिमंधर स्वामी राजेन्द्र सूरी ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में किलारी रोड स्थित गुरु राजेन्द्र भवन में विराजित साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने नवग्रह शांति अनुष्ठान आराधना करवाई। उन्होंने कहा कि राहु को चंद्रमा का उत्तरी बिंदु भी कहा जाता है। यह दिशाओं का अधिनायक है। यह खगोलीय पिंड की छाया इकाई है, जो ग्रहण उत्पन्न करती है। यह सांसारिक महत्वाकांक्षाओं और भौतिक सुखों की अभिव्यक्त करता है। राहु व्यक्ति को अपनी शक्ति बढ़ाने में मदद कर सकता है। यहां तक कि राहु किसी के प्रतिद्वंदी को उसका दोस्त भी बनवा सकता है। यह मनुष्य को भौतिकतावाद से जोड़ता है। यह सांसारिक इच्छा, लोभ, प्रसिद्धि, बुद्धि, छल, बाध्यकारी व्यवहार आदि का प्रतीक है। यही नहीं, यह सब कुछ पर पूर्ण नियंत्रण करने की चाह को भी दर्शाता है। साथ ही राहु उचित मार्ग में अपार शक्ति भी प्रदान करता है। श्री गिरनार मंडन नेमिनाथ भगवान के जाप राहु मंत्र सभी बुरी आत्माओं और नकारात्मक सोच से बचाता है। यह आपको सार्वभौमिक ऊर्जा से जोड़कर आपको प्रभावशाली बनाता है। राहु मंत्र आपको अद्भुत क्षमता प्रदान करता है। यह मंत्र आपको ऊर्जावान बनाने की क्षमता रखता है। इस मंत्र के प्रयोग से आप सभी प्रकार के सांसारिक एवं आध्यात्मिक सुख की प्राप्ति कर सकते हैं।

कांतिलाल गांधीमुथा ने बताया कि शनिग्रह अनुष्ठान आराधना का लाभ जयंतीलाल मिश्रीमल पटियात परिवार ने लिया। संघ की और से लाभार्थी का सम्मान किया गया। दिलीप कांकरिया ने बताया कि श्रावण शुक्ल पंचमी 21 अगस्त को कालसर्प दोष, पितृदोष, ग्रहदोष निवारण हेतु सामुहिक पूजन रखा गया है। तिलोकचंद भंडारी मांगीलाल वेदमुथा कांतिलाल सोफाडिया आदि उपस्थित रहे। मेघराज भंसाली ने सभी का आभार व्यक्त किया।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com